2 गज दूरी
मास्क जरूरी

मासिक

कुमावत इंडिया

कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

KUMAWAT PRAGATI TRUST
Email : kumawatindiapatrika@gmail.com

वर्ष-5 | अंक-2 सितम्बर-2021 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00





स्व. श्री बृजराज जी आर्य (राहोरिया) के आशीर्वाद से

श्री नरेन्द्र आर्य एवं विरल विरोश आर्य ब्यावर के

नवीन प्रतिष्ठान

विरल पेट्रोलियम

नयारा (एस.आर. पम्प)

कॉलेज रोड, पानी की टंकी के पास, ब्यावर, जिला अजमेर (राजस्थान)

सम्बन्धित फर्म

- विरल बृज लीला गार्डन
- स्काई डांस एकेडमी
- जिम एवं योगा क्लासेज

मो. 8107944493 नरेन्द्र, 9352411106 विरल

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

मुख्य संरक्षक	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	**मो. 9414994006**
अध्यक्ष	:	रमेश कुमावत (गेदर)	**मो. 9414554322**
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	**मो. 9887440666**
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	**मो. 9414810584**
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	**मो. 9549656438**
सदस्य ट्रस्टी	:	सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	**मो. 9829056063**
		हेमचन्द खड़गटा	**मो. 9351682036**
		मनोज सिरस्वा	**मो. 9414043127**
		रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	**मो. 9414074376**
		जयकिशन सोकिल	**मो. 9829125428**
चेतन बालोदिया सलाहकार	:	चेतन बालोदिया गिरधारी लाल सिंघनवाल	**मो. 9414052736** **मो. 9414263429**

सम्पादक मण्डल : रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) सम्पादक - 9414074376, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, गौरव अजमेरा 9829488824, प्रमोद कुण्डलवाल 9414362169 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, चन्द्र प्रकाश अजमेरा 9928088815, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, प्रभुदयाल तुनगरिया किशनगढ़ 9680931428 एवं खेमचंद खड़गटा 9829140629

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397** **दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580** **सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444** **वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299** **मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188** **जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301** **कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402** **सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657** **उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** दयाशंकर रावड़िया **मो. 9414391034** **ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493** **किशनगढ़ :** नन्दकिशोर पारमवाल **मो. 9667090499** **बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957** **सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812** **इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645** **प्रोसेसिंग व मुद्रक :** राज ब्लॉक्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-600

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर सूचित अवश्य करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित सम्पादक राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)

सम्पादकीय

एक समाज या सामाजिक संगठन के सभी अवयवों का एक निश्चित प्रकार्य होता है जो उस संगठन के स्थापित और सामंजस्य को बनाए रखता है। सामाजिक संगठन वह दशा या स्थिति है जिसमें एक समाज में विभिन्न संस्थाएं अपने मान्य तथा पूर्व निश्चित उद्देश्यों व नियमो के अनुसार मिलजुल कर कार्य करती है तथा अपने अपने निर्धारित कार्यों के अनुसार क्रियाशील रहती हैं। इसके सदस्यों के बीच कार्य का बंटवारा होता है जिनके आधार पर हर व्यक्ति अपनी भूमिका का निर्वाह करता हैं इससे सामाजिक व्यवस्था बनी रहती है।

प्रत्येक समाज में सामाजिक संगठन है जो अपने समाज के उत्थान हेतु प्रयासरत रहते हैं साथ ही समाज की कुरीतियों व समस्याओं का निवारण करते हैं। कुमावत समाज में छोटे-मोटे संगठन समाज को योगदान दे रहे हैं, जिनमें अखिल भारतीय स्तर पर भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा व सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा कार्य कर रही थी। भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के लगभग 11 वर्ष से चुनाव न्यायालय में विवादित था, आखिर पक्षकारों में आपसी समझौते व सहमति से चुनाव संपन्न हुए। जनवरी 2020 में नामांकन पत्र भरे गए थे। जिला अध्यक्ष (जयपुर देहात, सवाई माधोपुर, अलवर -भरतपुर, सीकर, नागौर) जिला महामंत्री (अजमेर, सवाई माधोपुर, अलवर, भरतपुर, सीकर, नागौर) निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी प्रकार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य (टोंक ,सवाई माधोपुर, फुलेरा, चाकसू ,अजमेर महिला, सीकर, झुंझुनू, बीकानेर, नागौर, अलवर, भरतपुर) एवं जोन के कार्यकारिणी सदस्य लगभग 32 निर्विरोध निर्वाचित हुए। शेष रहे करीबन 78 जोन पदाधिकारी, जोन कार्यकारिणी सदस्यों एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जोन पदाधिकारी (कोषाध्यक्ष संगठन व प्रचारमंत्री) आदि पदों हेतु चुनाव 8 अगस्त 2021 से 8 सितंबर 2021 तक संपन्न हुआ। 2-3 पोलिंग स्टेशनों के अलावा अधिकतर चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुए। एक पोलिंग स्टेशन में दोबारा मतदान हुआ। जबकि एक पोलिंग स्टेशन पर आपस में मारपीट, छीना झपटी हुई। पुलिस को बुलाना पड़ा चुनाव भी तीन बार स्थगित होकर हो पाए। समाज के कुछ असामाजिक लोगों द्वारा की गई इस प्रकार की घटनाओं के कारण लोगो में कुमावत समाज की छवि खराब हुई। इस पोलिंग स्टेशन पर मैं स्वयं उपस्थित था, मुझे यह सब देख कर बहुत दु:ख हुआ। इस प्रकार की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण है तथा नहीं होनी चाहिए।

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा उत्तरी पूर्वी जोन राजस्थान के अंतर्गत जयपुर शहर व देहात क्षेत्र के अलावा करीबन 9-10 जिले आते हैं इसमें कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की संख्या 110 है।

जयपुर, कुमावत बाहुल्य क्षेत्र है जिसमें लाल कोठी, झोटवाड़ा, सोडाला, सांगानेर, बापू नगर, गंगापोल, नाहरी का नाका, बनीपार्क, ढेर के बालाजी, झोटवाड़ा, नींदड़ आदि हैं इसमें 6972 मतदाता है इसी प्रकार जयपुर देहात में भी 2844 मतदाता है तथा अजमेर जिले में 1392 मतदाता है। महासभा के उत्तरी-पूर्वी जोन में लगभग 25000 मतदाता है जिसमें राजस्थान का 1/3 क्षेत्र आता हैं। इतने बड़े क्षेत्र में इतने कम मतदाता होना सोचनीय है। मेरी राय में नव निर्वाचित महासभा की कार्यकारिणी को सदस्य बनाने के लिए सरल नीति अपनानी चाहिए, जिससे ऑनलाइन व बिना किसी शुल्क के अधिक से अधिक सदस्य बने। आगे चुनाव न्यायिक विवाद में नहीं पड़े। चुनाव पोलिंग स्टेशनों को भामाशाहों द्वारा स्पॉन्सर करा सकते हैं। यदि हम सब मिलकर एक दूसरे के विचारों को महत्व देते हुए बिना किसी भेदभाव व मतभेद के समाज सेवा में लग जाए तो हमारा समाज ऊंचाई तक जा सकता है। सभी को इस पुण्य काम में जोड़ना चाहिए, कोई बंधु अपने आप को समाज से अलग ना समझे। एक परिवार, एक समाज और एक राष्ट्र की विचारधारा को अपनाएं।

धन्यवाद और आभार।

- रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.com पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
विज्ञापन :	4
कुमावत प्रतिभा : श्री अजीत वर्मा (अनावड़िया)	5
कुमावत समाज के युवा बने सीए हिमांशु कुमावत, योगेश कुमावत, विनोद कुमार, संजय कुमावत	5
डॉ. कामिनी वर्मा ने दोहरी पीएचडी की	6
जूही कुमावत का पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा में प्रथम स्थान	6
जादूगर आंचल को दोहरा सम्मान	6
हिमांक व खेमराज कुमावत ने जीता सिल्वर मेडल	7
आश कुमावत ने जीता रजत पदक	7
अर्मिला कुमावत एवं मनोज कुमावत ने जीते पदक	7
गौरव कुमावत का सीनियर वर्क असिस्टेंट के पदपर चयन	7
कुमावत क्षत्रिय विकास समिति, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर के चुनाव	7
121 दीपकों से महाआरती का आयोजन	8
कुमावत पिता-पुत्र ने राजकीय विद्यालय की छवि बदली	8
श्री राजस्थान कुमावत क्षत्रिय समाज इंदौर के चुनाव	8
दो कुमावत इंजीनियर भाइयों ने बंकरनुमा कैफे बनाया	8
भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) द.प. जोन राजस्थान की बैठक	9
जयसिंह कुमावत राष्ठीय स्वास्थ्य स्वयं सेवक अभियान के राजापार्क मंडल संयोजक हेल्थ वालंटियर नियुक्त	9
विभिन्न संस्थानों में नई भर्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित	10
दो अक्टूबर, दो विभूतियां	11
प्राण वायु के लिए जरूरी है पौधारोपण : टांक	11
नवरात्री के नौ दिनों में होती है माँ के नौ रूपों की पूजा	12
उदयपुर क्षत्रिय कुमावत समाज विधिक सेव समिति गठित	13
1700 किलोमीटर का सफर तय कर सरहद पर ले पहुंचे बनों का प्यार	13
पितृ पक्ष और भारतीय परम्परा : पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का पर्व	14
शिक्षिका दुर्गेश नंदिनी ने सेवानिवृत्ति पर स्कूल में सरस्वती मूर्ति स्थापना कराई	15
चाय बेचने वाले की बेटी ट्विंकल ने नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीता	15
डूंगरराम गेदर के 55वें जन्मदिन पर रक्तदान	15
12वीं व 10वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं	16
पंचायत आदि चुनाव में विजयी उम्मीदवार	16
भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा राजस्थान के चुनाव में विजीय प्रत्याशी	17
स्मृति शेष : स्व. श्री भौंरी लाल वर्मा (मास्टर जी)	18
देव और दानवों के युद्ध के दौरान देव पत्नियों ने भी किया था करवा चौथ का व्रत	20
मातृ एवं नारी शक्ति समाज गौरव सम्मान समारोह सम्पन्न	21
अखण्ड कुमावत नारी युवा शक्ति संस्था के चुनाव	21
वैवाहिक संबंधों में बिखराव	22
विशिष्ठ संरक्षक	24
श्रद्धांजलि	24
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
'कुमावत इंडिया' पत्रिकानहीं मिलने पर यहां सम्पर्क करें	26
108 श्री हनुमत चरित्र कथा आयोजन	27
मनोज कुमावत को पीएचडी की उपाधि	27
कविता कुमावत को ब्रोंज मेडल	27
डीपीएस तबीजी में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस	28
मुकेश कुमावत राज सम्मान ट्रॉफी से सम्मानित	28
बधाई विज्ञापन : हिमांशु कुमावत	28
श्रद्धांजलि विज्ञापन	29
वधाई विज्ञापन	30

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) उत्तरी पूर्वी जोन राज. के चुनाव में

राजेश धुंधारिया

जिलाध्यक्ष, जयपुर शहर एवं

छोटूराम बड़ीवाल

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, सोडाला से

विजय होने पर

हार्दिक वधाई व शुभकामनाएँ

शुभेच्छु :

टीम चेतन धुंधारिया

चेतन धुंधारिया 9829017584, 8209687840

श्री अजीत वर्मा (अनावडिया)

अजीत वर्मा का जन्म 17 दिसम्बर 1955 को वनस्थली, राजस्थान में स्व. श्री ग्यारसी लाल वर्मा एवम स्व श्रीमति नारायनी देवी के यहाँ हुआ। आपके पिता बड़ौदा (गुजरात) मे महाराजा सयाजीराव गायकवाड विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स Mural विभाग में प्रोफेसर और Head of the Department थे ।

आपका विवाह स्व. श्री किस्तूर चंद वर्मा (भदानिया) वास्तुविद एवम स्व. श्रीमती छुट्टन देवी की पुत्री श्रीमती ललिता के साथ सन् 1984 जयपुर में संपन्न हुआ। आप के दो पुत्र डा. श्री रवि वर्मा जो की इएसआई हॉस्पिटल में नियुक्त है , श्री अजय वर्मा का कारोबार Studio11 आर्ट गैलरी के साथ कर रहे हैं एवम निवास बी -503-504 ग्रीनफील्ड 3, बडोदरा है।

आपने सन् 1980 में एम.एस. महाविद्यालय से पेंटिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया। आप ने पद्मा विभूषण प्रोफेसर के . जी . सुब्रमण्यम एवं पिताश्री स्व श्री ग्यारसी लाल वर्मा के सानिधय में शिक्षा प्राप्त की और अपनी पारंपारिक कला को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

आपने सन् 2004 के दौरान कमर्शियल कला और स्क्रीन प्रिंटिंग में खूब नाम कमाया। सन् 2004 से आपने शुद्ध चित्रकला की सेवा करने का निश्चय किया और काम में लग गए । और पहली एग्जीबिशन 2012 में बड़ौदा के महाराजा की 'आकृति आर्ट गैलरी' में लगाई।

आप अब तक देश में 41 समूह प्रदर्शनी में और विदेश में 10 समूह प्रदर्शनी में हिस्सा ले चुके हैं, जिसमें कोलंबिया में 4, न्यूयॉर्क में 1, नॉर्वे में 4, अर्जेंटीना में 1 समूह प्रदर्शनी में सम्मिलित हैं। आप 11 एकल प्रदर्शनियां भारत में कर चुके हैं।

शेष पृष्ठ 19 पर ...

कुमावत समाज के युवा बने सीए

हिमांशु कुमावत पुत्र अशोक कुमावत (तुनगरिया) निवासी किसान मार्ग, टोंक रोड़ जयपुर ने सीए परीक्षा में सफलता पाई है। हिमांशु के सीए बनने पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिवारजनों ने मिठाई बांटकर इस कामयाबी का जश्न मनाया। हिमांशु के पिता अशोक तुनगरिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी, शासन सचिवालय में निजी सहायक के पद पर कार्यरत हैं। हिमांशु के परदादा गोविन्द रामजी मिस्त्री के नाम से जाने जाते हैं। गोविन्द राम जी एक उम्दा वास्तुकार, ज्योतिष के ज्ञाता होने के साथ-साथ भवन निर्माण कार्य में भी समाज में जाने व पहचाने जाते थे। समाज में उनको दोपहरिया के नाम से भी जाना जाता है। हिमांशु के परिवार में एक छोटी बहन सोनम कुमावत एम.कॉम., एमबीए है व उनकी बुआ शारदा कुमावत भी फर्स्ट ग्रेड लेक्चरर है। हिमांशु कुमावत ने सीए परीक्षा पास कर समाज का नाम रोशन किया है। हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। **कुमावत इंडिया** परिवार की ओर से आपको बधाई व शुभकामनाएँ कुमावत इंडिया परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

योगेश कुमावत पुत्र श्री भगवान सहाय अडावनिया ग्राम पंचायत कुली, दांतारामगढ़ को CA बनने पर कुमावत इंडिया पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

ग्राम अकोड़ा चौड, भट्टों की गली, तहसील आमेर के निवासी **विनोद कुमार कुमावत (मारोठिया)** ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण की। कुमावत इंडिया पत्रिका परिवार की ओर से बधाई।

संजय कुमावत पुत्र श्री पूरणम, वेद की ढाणी रानोली (मजदूर के बेटे) का सी.ए. बनने पर '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

मनोज कुमावत को भाजपा युवा मोर्चा अजमेर देहात के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

डॉ कामिनी वर्मा ने दोहरी PHD की

डॉ कामिनी वर्मा पत्नी श्री शैलेन्द्र कुमावत निवासी 10/149, विवेकानंद नगर, कोटा ने वर्ष 2010 में प्राणिशास्त्र विषय में PHD की थी। डॉ कामिनी वर्मा ने अपनी दूसरी PHD वर्ष 2021 में माध्यमिक स्तर के **'शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षण प्रभावशीलता पर उनकी सांवेगिक बुद्धि और शिक्षण अभिक्षमता के प्रभाव'** विषय पर डॉ के के शर्मा, पूर्व डीन कोटा विश्व विद्यालय के निर्देशन में की है।

आपके पिता स्व. श्री सालिगराम वर्मा (तांगडा) निवासी जयपुर तथा श्वसुर स्व. श्री सुआ लाल कुमावत (लोठ्या) निवासी कोटा थे।

दोहरी PHD करके डॉ कामिनी वर्मा ने कुमावत समाज को गौरान्वित किया है। **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से डॉ कामिनी वर्मा को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना।

जूही कुमावत का PHD एंट्रेंस (योग) परीक्षा में प्रथम स्थान

जूही कुमावत ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान की 'PHD एंट्रेंस (योग) परीक्षा' की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जूही कुमावत ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय से योग विषय में M.Sc की थी। जूही ने गत वर्ष UGC- NET JRF में देशभर में 20वाँ स्थान प्राप्त किया था। जूही ने योग के साथ **'नेचुरोपैथी तथा डाइट एंड न्यूट्रिशन'** में भी अपनी पढ़ाई पूर्ण कर ली हैं। आपके पिता श्री अशोक कुमार एक अनुभवी एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ है। उन्होंने गंभीर बीमारियों से ग्रस्त अनेक रोगियों का इलाज एक्यूप्रेशर विधि से किया है।

वर्तमान में जूही, जैन विश्व भारती से योग विषय में PHD कर रही है, साथ ही एक योग थेरेपिस्ट और योग रिसर्चर के रूप में कार्यरत है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी **जूही कुमावत** ने पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा की मेरिट में **प्रथम स्थान** अर्जित करके कुमावत समाज को गौरान्वित किया है। इन्हें रमेश गैदर, अध्यक्ष ने उनके निवास पर जाकर **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जादूगर आंचल को दोहरा सम्मान

1. 'यूथ आईकॉन अवार्ड'

28 अगस्त 2021 को जयपुर में इंटरनेशनल यूथ आईकॉन अवार्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। इस समारोह में उदयपुर निवासी अंतर्राष्ट्रीय जादूगर आंचल को जादू के क्षेत्र में उसकी असाधारण उपलब्धियों के लिए **'यूथ आईकॉन अवार्ड'** नवाजा गया। इस समारोह में पूरे देश से कला, संस्कृति, शिक्षा, समाजसेवा, खेल, प्रशासनिक सेवा, उद्योग, व्यापार, फैशन और संगीत के क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले युवा और युवाओं के लिए कार्य करने वाली हस्तियों को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में आईपीएस संदीप सिंह चौहान, पद्मश्री गुलाबो सपेरा, लन्दन से डॉ. परिन सोमानी, बी. एस. रावत, कृषकांत आखोरी सहित अनेक विशिष्ट महानुभाव उपस्थित रहे।

2. राष्ट्र शिरोमणि सम्मान

एक अन्य समारोह ड्रीम वर्ल्ड प्रोडक्शन द्वारा 28 अगस्त 2021 को ही योजना भवन, जयपुर में आयोजित हुआ जिसमें विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाली युवा जादूगर आंचल को उसकी असाधारण उपलब्धियों के लिए **'राष्ट्र शिरोमणि सम्मान-2021'** नवाजा गया। इस कार्यक्रम में गायिका रमा पांडेय, प्रख्यात गायक रुप कुमार राठौर, जानी-मानी फिल्मकार एवं फिल्म सेंसर बोर्ड की सदस्या श्रीमती अनुराधा सिंह, मेवाड़ युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर व पूर्व आईपीएस अधिकारी श्री आनंदवर्धन शुक्ला सहित कुल 10 विभूतियों को यह सम्मान दिया गया।कार्यक्रम में ड्रीम वर्ल्ड प्रोडक्शन के मुख्य संरक्षक डॉ. एच. सी. गणेशिया, संरक्षक श्री मुकेश भारद्वाज, अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती समृद्धि शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती पूजा रानावत, तथा महासचिव श्री वेद खंडेलवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेलिब्रिटी एंकर और डबल वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर श्री अंकित खंडेलवाल द्वारा किया गया।

ऑल इंडिया रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप

हिमांक व खेमजराज कुमावत ने जीता सिल्वर मेडल

12 सितंबर 2021 को बिहार की राजधानी पटना में आयोजित हुई 13 वीं ऑल इंडिया रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में काचरोदा, फुलेरा निवासी हिमांक कुमावत पुत्र श्री खेमराज कुमावत ने अंडर 12 में सिल्वर मेडल जीतकर फुलेरा क्षेत्र सहित कुमावत समाज का नाम रोशन किया। खेल प्रतिभा हिमांक ने बताया कि यदि कोई भी अपने आत्मविश्वास को मजबूत कर लक्ष्य निर्धारित करते हुए कोई भी काम करें तो सफलता जरूर मिलती है। आगामी प्रतियोगिता गुड़गांव दिल्ली में होगी इसके लिए हिमांक ने अपना लक्ष्य निर्धारित किया है कि गोल्ड मेडल हासिल करके रहूंगा। सिल्वर मेडल जीतकर रेल नगरी फुलेरा में पहुंचने पर फुलेरा विधायक श्री निर्मल कुमावत व काचरोदा सरपंच श्रीमती पुष्पा देवी ने हिमांक को माला पहनाकर व साफा बंधवाकर स्वागत किया।

- मुकेश कुमावत बोराज, जयपुर

आशा कुमावत ने जीता रजत पदक

महेंद्रा सेज के आयन स्पोर्ट्स एकेडमी में ब्रेंच प्रेस डिस्टीन के आयोजन में कुमावत समाज काचरोदा, फुलेरा की **आशा कुमावत** ने सिल्वर मेडल जीत कर कुमावत समाज को गौरान्वित किया है।

इनके कोच पवन कुमावत, पति गिरिराज कुमावत तथा माता-पिता ने मैडल जीतने पर बधाई दी है। मैडल जीतने के दिन आशा की मां का जन्मदिन था। आशा ने सिल्वर मेडल के साथ उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से भी आशा कुमावत को रजत पदक जीत कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर बधाई। आपसे समाज की युवतियों को प्रेरणा मिलेगी।

यूथ गेम्स नेशनल चेम्पियनशिप, जयपुर

उर्मिला कुमावत एवं मनोज कुमावत ने जीते पदक

हाल ही में जयपुर में सम्पन्न 'यूथ गेम्स नेशनल चेम्पियनशिप' में रामपुरा, थोई की छात्रा **उर्मिला कुमावत** ने कबड्डी में गोल्ड मैडल जीता। उर्मिला अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कबड्डी व कराटे प्रतियोगिताओं में मैडल जीत चुकी है। आपने 2020 में आगरा में सम्पन्न ओपन प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीता है एवं स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। वही इसी गांव के **मनोज कुमावत** ने भी 3 किमी दौड़ को 9 मिनिट 40 सेकंड में पूर्ण कर सिल्वर मेडल जीता। विजेता खिलाडियो को **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से बधाई।

गौरव कुमावत का सीनियर वर्क असिस्टेंट के पद पर चयन

गौरव कुमावत पुत्र श्री महेश कुमावत निवासी आदर्श बाजार, गली नं. 21, टोंक फाटक, जयपुर का मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी (MNIT), जयपुर का सीनियर वर्क असिस्टेंट (Electronics and Communication) के पद पर चयन होने पर कुमावत इंडिया परिवार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ।

कुमावत क्षत्रिय विकास समिति, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर के चुनाव घोषित

कुमावत क्षत्रिय विकास समिति बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 22 सितम्बर, 2021 सायं 6 बजे अस्थाई मतदाता सूची का प्रकाशन (इस पर आपत्तियों का आमंत्रण एवं निराकरण 24 सितम्बर, 2021 सायं 6-7 बजे) स्थाई मतदाता सूची प्रकाशन 25 सितम्बर, 2021 सायं 7 बजे, नामांकन पत्र भरना 26-27 सितम्बर, 2021 सायं 6-8 बजे, नाम वापसी 29-30 सितम्बर, 2021 सायं 6-8 बजे, प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 30 सितम्बर, 2021 रात्रि 9 बजे होगा। चुनाव 17 अक्टूबर, 2021 यदि आवश्यक हुआ नितिन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शिव मंदिर के पास बरकत नगर जयपुर पर प्रात: 11 बजे से सायं 7 बजे तक होगा।

इसमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष (महिला) मंत्री, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री एवं 7 कार्यकारिणी सदस्य (2 पद महिला के आरक्षित) पर चुनाव होगा। मतदान हेतु मूल पहचान पत्र लाना होगा। चुनाव अधिकारी श्री रामगोपाल नीमीवाल एवं सहा. चुनाव अधिकारी श्री रामधन देवतवाल होंगे।

121 दीपकों से महाआरती का आयोजन

बाबा रामदेव मंदिर, बरकत नगर, जयपुर में भाद्रपद सुदी दशमी पर स्थानीय निवासी बाबूलाल गैदर, राकेश कुमावत, एडवोकेट राजस्थान उच्च न्यायालय व जयसिंह गुडीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमावत क्षत्रिय विकास समिति, बरकत नगर द्वारा 121 दीपकों के साथ महाआरती का आयोजन करवाया गया। बाबूलाल गैदर द्वारा भादवा माह में बाबा के दरबार में एक माह तक अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई।

राकेश कुमावत ने बताया कि ने बताया कि रामदेवजी राजस्थान के लोकदेवता है। रामदेवजी 33 वर्ष तक धरती पर रहे इस दौरान धर्म और नैतिकता के द्वारा प्रेम, सदाचार, मानवसेवा, अछूतोद्धार एवं धार्मिक भेदभाव नहीं रखने के उपदेश देकर लोगों को शिक्षित व जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पार्षद राजेश बालोदिया, अमर सिंह कुमावत, पूरण गैदर, आनंद गैदर, राजकुमार कुमावत, दिनेश गैदर, सीताराम गैदर, लालचंद कुमावत, विजय कारगवाल, कुमावत क्षत्रिय विकास समिति बरकत नगर के बाबूलाल ब्याड़वाल अध्यक्ष, जयसिंह गुडीवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामप्रकाश मारवाल मंत्री, ओमप्रकाश नेहरा उप मंत्री, ईश्वर लोठ्या प्रचार मंत्री, विनय देवतवाल, रेणु मारवाल कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कुमावत पिता-पुत्र ने राजकीय विद्यालय की छवि बदली

छगनलाल कुमावत ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजपुरा ने विद्यालय के पांच कमरों के आगे 4 लाख रुपए की लागत से एक बरामदा बनवाकर स्कूल की छवि बदल दी। उनके पुत्र **रामचन्द्र** ने स्वयं के खर्चे से विद्यालय परिसर में 350 पौधे लगाए तथा पानी की व्यवस्था और नियमित देखभाल स्वयं के खर्चे से कर रहे हैं। यदि कोई पौधा नष्ट हो जाता है तो उसकी जगह नया पौधा लगाते हैं। स्कूल के प्रति पिता-पुत्र की समर्पण भावना का ग्रामवासियों ने सराहना की है तथा इन दोनों को साफा बांधकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया है।

'**कुमावत इंडिया**' पत्रिका इन पिता-पुत्र के द्वारा किए गए प्रेरणादायक कार्य की प्रशंसा करती है।

दो कुमावत इंजीनियर भाइयों ने बंकरनुमा कैफे बनाया- डीजीपी ने किया सम्मानित

उगारियावास के दो कुमावत इंजीनियर भाइयों मनोज किरोड़ीवाल व दीपक किरोड़ीवाल ने पुलिस लाईन, जयपुर में जमीन के 5 फुट नीचे बंकरनुमा कैफे का निर्माण किया है, इसकी बेस्ट डिजाइन के लिए पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर ने सराहा व उन्हें सम्मानित किया। इन अवसर पर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव व अन्य उच्च पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

मनोज व दीपक किरोड़ीवाल की इस उपलब्धि पर दोनों इंजीनियर भाइयों को **कुमावत इंडिया** पत्रिका की ओर से बधाई।

डूंगर राम गेदर का जन जागृति अभियान

आल इंडिया बैकवर्ड क्लासेज़ फैडरेशन एवं सेवा संस्थान राजस्थान के तत्वाधान में पाली में जन जागृति अभियान के तहत मीटिंग का आयोजन किया गया।

डूंगर राम गेदर के साथ ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री छोटूराम कुमावत, श्री राधेश्याम खाटूवाल, श्री शंकर लाल उजीवाल थे।

श्री राजस्थान कुमावत क्षत्रिय समाज, इंदौर के चुनाव

श्री राजस्थान कुमावत क्षत्रिय समाज, इंदौर के चुनाव चुनाव अधिकारी श्री सुनील कुमार सीए द्वारा कराया गया। सभी समाजजनों की इच्छा अनुरूप समाजसेवी श्री रामचन्द्र भोरोदिया (बाबूलाल वर्मा) को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी कुमावत एवं राधेश्याम दम्बीवाल, सचिव प्रहलाद दम्बीवाल, सह सचिव मनोज कुमावत, कोषाध्यक्ष कुन्दनमल जलिन्द्रा को निर्वाचित किया गया। संरक्षक दिलीप सिंह वर्मा को बनाया गया। सर्वश्री सत्यनारायण कुदाल, सिताराम भोरोदिया, बाबूलाल छिछोलिया, रामपाल घोड़ेला और ओमप्रकाश हरसहाय धामोनिया को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। शेष कार्यकारिणी पूर्ववत रखी गई। इसके पश्चात उपस्थित गणमान्य समाजजनों द्वारा नए अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल देकर स्वागत किया गया। श्री बाबूलाल जी वर्मा के नेतृत्व में बनी नई कार्यकारिणी को **कुमावत इंडिया** पत्रिका की ओर से बधाई।

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि), द.प.जोन राजस्थान की बैठक

दिनांक 05-09-2021 प्रात: 11.00 बजे होटल योइस, उदयपुर के मीटिंग हॉल में भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा(रजि), द.प.जोन राजस्थान की सम्पूर्ण जोन की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला) श्रीमती सरिता जी टाँक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न मुख्य अतिथि थे:-

श्री युवराज सिंह नाहर (अध्यक्ष, जिला महासभा,उदयपुर), श्री दलपत जी बातरा (जोन संगठन मंत्री), श्री चंदू जी चश्मेवाला, (जोन उपमंत्री), श्री मदन सिंह बाबरवाल, (पाषर्द, उदयपुर), श्री सत्यनारायण जी कुमावत,(पार्षद,भीलवाड़ा), श्री भवर लाल देवाल (पूर्व सरपंच, रायपुर,भीलवाड़ा), श्री योगेश चोरमा, (अध्यक्ष, विकास संस्थान) एवं सभी जिलों के राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला पदाधिकारियों एव प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

सर्व प्रथम बैठक संयोजक एव प्रांतीय महामंत्री श्री दयाशंकर जी रावड़िया ने आज बैठक अध्यक्षा, मुख्य अथितियों, सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को उपरना ओढ़ाकर स्वागत करते हुए परिचय कराया। समाज एकता व समाज हित में सभी के सुझाव और विचार आमंत्रित किये गये।

तत्पश्चात निम्नानुसार विचार और सुझाव रखे गए:-

श्री दयाशंकर जी रावडिया ने आग्रह किया कि हम सब अपने-अपने क्षेत्र में सदस्यता अभियान शीघ्र प्रारम्भ कर सदस्यता बढ़ावे और सभी को एक सूत्र में बांधकर समाज हित के कार्यो को हाथ मे लेवे।

श्री युधिष्ठिर कुमावत, राष्ट्रीय सदस्य ने अपने उद्‌बोदन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि समाज सेवा किसी भी रूप में की जा सकती है इसके लिए सर्वप्रथम हमें अपनी कार्यशैली को स्वच्छ और सुदृढ बनावे एवं सुझाव साझा करें साथ ही गांव गांव तथा ढाणी-ढाणी सदस्यता बढ़ावे।

श्री युवराज सिंह नाहर, अध्यक्ष, जिला महासभा ने सभी अथितियों/पदाधिकरियों से महासभा भवन के द्वितीय चरण के निर्माण कार्य मे अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग करने की अपील की।

अन्य गणमान्य प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।

मंच का संचालन **श्री दयाशंकर रावड़िया** ने किया एवं सभी पदाधिकारियो द्वारा दिये गए सुझावों पर विचार विमर्श कर क्रियान्वित करने का आश्वासन दिया।

बैठक के अंत में अध्यक्षा श्रीमति सरिता टाँक ने पधारे सभी अथितियों का आभार व्यक्त किया तथा बैठक संयोजक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अथितियों व समाजजनों को भोजन कराया।

-वीएल मंडावरा, मंत्री(प्रशासनिक), नगर महासभा,उदयपुर

जयसिंह कुमावत राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान के राजापार्क मंडल संयोजक हेल्थ वालंटियर नियुक्त

कोरोना की संभावित तीसरी को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। संभावित तीसरी लहर में बच्चों के अधिक संक्रमित होने की आशंका को देखते हुए मंडल/वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को तैयार कर उनकी नियुक्ति कर रही है। इसी के तहत जयसिंह कुमावत (गुडीवाल) को 'राजापार्क मंडल संयोजक हेल्थ वालंटियर' नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य स्वयंसेवक कोरोना से पीडित लोगों व स्वास्थ्य विभाग के बीच सेतु का काम कर कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद करेंगे।

कोरोना की दोनों लहरों के समय देश में हाहाकार मच गया था। ऐसे समय में चिकित्सा व्यवस्था तो काम में आई ही, मगर समाजसेवियों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा था। उन्होंने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षा की कमान संभाली थी। ऐसे ही कोरोना वारियर्स जयसिंह कुमावत (गुडीवाल) ने हमेशा सेवा कार्यों में अपनी महती भूमिका निभाते हुए कोरोना काल में भी अपनी जान की परवाह न करते हुए टीम चेतन धुंधारिया के साथ कंधे से कंधे मिलाकर जयपुर के समस्त पुलिस थानों, पुलिस बेरिकेट्स, पुलिस की गुमटियाँ, एटीएम, चौराहे व सार्वजनिक स्थानों आदि को सेनेटाइज करने के साथ, जरूरतमंदों तक खाद्य सामग्री, सूखा राशन, सेनेटाइजर, रोग प्रतिरोधक दवाईयाँ, मास्क का वितरण कर अपनी जिम्मेदारी निभाई थी। हाल ही में कुमावत को मालवीय नगर वार्ड 141 से भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। पार्टी ने एक बार पुन: कुमावत पर विश्वास जताते हुए कुमावत की कार्यकुशलता, सादगी और पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान के तहत 'राजापार्क मंडल संयोजक हेल्थ वालंटियर' की जिम्मेदारी सौंपी है। '**कुमावत इंडिया**' परिवार की ओर से इन्हें बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ।

सूचना

'**कुमावत इंडिया**' का आगामी अंक **दीपावली विशेषांक** के रूप में प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में समाजजनों से निवेदन है कि लेख, विज्ञापन तथा लेखन सामग्री भिजवाने का कष्ट करें।

कुमावत इंडिया की वेबसाइट www.kumawatindiapatrika.com पर पिछले अंकों की पत्रिकाएं एवं अन्य उपयोगी सूचनाएं उपलब्ध हैं। पाठकगण इसका अवलोकन वहां से भी कर सकते हैं।

वेबसाइट पर न्यूनतम शुल्क में विज्ञापन दिए जाने हेतु आप अध्यक्ष से व्हाट्सएप नं. 9414554322 पर सम्पर्क कर सकते हैं। **- संपादक**

विभिन्न संस्थानों में नई भर्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित

संकलनकर्ता मनीष कुमावत, सांगानेर

क्र. सं.	विभाग का नाम	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान/ लेवल	अधिकतम आयु	योग्यता	अंतिम तिथि	वेबसाईट का पता	अन्य
1	वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् पूने, भारत सरकार	कनिष्ठ सचिवालय सहायक	16	लेवल –2	30	12वीं	30 सितंबर 2021	http://recruit.ncl.res.in	ऑनलाइन आवेदन के साथ फार्म भेजे
2	वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् पूने, भारत सरकार	कनिष्ठ आशुलिपिक	5	लेवल –4	30	12वीं	30 सितंबर 2021	http://recruit.ncl.res.in	ऑनलाइन आवेदन के साथ फार्म भेजे
3	नेशलन इलेक्ट्रीक पावर कॉरपोरेशन	जूनियर इंजिनियर (इलेक्ट्रीकल)	34	लेवल–6	30	संबंधित टेड में डिप्लोमा	30 सितंबर 2021	https://cdn.digialm.com/ /EForms/configuredHtml/ 1258/72639/Instruction.html	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
4	नेशलन इलेक्ट्रीक पावर कॉरपोरेशन	जूनियर इंजिनियर (मेकेनिकल)	31	लेवल–6	30	संबंधित टेड में डिप्लोमा	30 सितंबर 2021	https://cdn.digialm.com// EForms/configuredHtml/ 1258/72639/Instruction.html	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
5	राष्ट्रीय भूभोतनिक अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, भारत सरकार	कनिष्ठ सचिवालय सहायक	6	लेवल –2	30	12वीं	15 अक्टूबर 2021	http://www.ngri.org.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
6	राष्ट्रीय भूभोतनिक अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, भारत सरकार	कनिष्ठ आशुलिपिक	1	लेवल –4	30	12वीं	15 अक्टूबर 2021	http://www.ngri.org.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
7	राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय संस्थान, नोएडा, नई दिल्ली, भारत सरकार	सहायक	4	लेवल –4	30	12वीं	10 अक्टूबर 2021	www.nios.ac.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
8	राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय संस्थान, नोएडा, नई दिल्ली, भारत सरकार	कनिष्ठ आशुलिपिक	3	लेवल –4	30	12वीं	10 अक्टूबर 2021	www.nios.ac.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
9	राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय संस्थान, नोएडा, नई दिल्ली, भारत सरकार	कनिष्ठ सहायक	36	लेवल –2	30	12वीं	10 अक्टूबर 2021	www.nios.ac.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
10	राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय संस्थान, नोएडा, नई दिल्ली, भारत सरकार	ईडीपी सुपरवाइजर	37	लेवल –6	30	स्नातक	10 अक्टूबर 2021	www.nios.ac.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
11	राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय संस्थान, नोएडा, नई दिल्ली, भारत सरकार	अनुभाग अधिकारी	7	लेवल –7	30	स्नातक	10 अक्टूबर 2021	www.nios.ac.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
12	जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार	कार्यालय सहायक	7	लेवल –6	30	स्नातक	18 अक्टूबर 2021	www.jmi.ac.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य
13	जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार	पर्सनल सहायक	2	लेवल –6	30	स्नातक	18 अक्टूबर 2021	www.jmi.ac.in	केवल ऑनलाइन आवेदन मान्य



दो अक्टूबर, दो विभूतियाँ

भारत के इतिहास में 2 अक्टूबर के दिन का एक खास महत्व है, स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस की तरह 2 अक्टूबर को भी राष्ट्रीय पर्व का दर्जा हासिल है। यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्मदिन के तौर पर इतिहास के पन्नों में दर्ज है।

हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को हुआ था। उनके कार्यों और विचारों ने देश की आजादी और उसके बाद भारत को आकार देने में महती भूमिका निभाई थी। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म भी 2 अक्टूबर 1904 को हुआ। उनकी सादगी और विनम्रता के लोग कायल थे।

1965 का भारत पाक युद्ध और उसी दौरान उनका नारा **जय जवान जय किसान** आज आज भी सार्थक है।

गांधीजी महात्मा कहलाए क्योंकि आजादी की लड़ाई में सत्य व अहिंसा के दम पर बिना रक्तपात के अंग्रेजों को देश से बाहर निकाल दिया। वहीं शास्त्री जी ने 1965 के ही भारत पाक युद्ध में साहसिक निर्णय लेकर पाकिस्तान को मात दे दी।

यूनाइटेड नेशंस ने भी 2 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में जगह दी है जो कि गाँधी की अहिंसा से ही प्रेरित है।

गांधी जी के स्वावलंबन ने खादी निर्माण के लिए चरखे का प्रयोग किया। स्वदेशी अपनाओ का नारा देकर देश की बनी चीजों को बढ़ावा दिया। गाँधी जी द्वारा गाया उनका प्रिय भजन '**रघुपति राघव**' आज भी उनकी याद में गाया जाता है। उनके जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व था जिसे वे हमेशा अपनाकर चलते थे।

लाल बहादुर शास्त्री का जीवन अत्यंत सादा व सच्चा था यही उनकी अमूल्य धरोहर थी। उनका जीवन सिर्फ परिवार तक के लिये ही नहीं था वे पूरे देश के लिए जीए। शास्त्री जी को धरती के लाल के रूप में भी पुकारा जाता है।

जहाँ इन दोनों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन में जात-पात, छूआछूत, अमीर-गरीब जैसी बुराइयों को उतरने नहीं दिया, भ्रष्टाचार मुक्त राज्य की कल्पना की बिल्कुल उसके उलट आज की राजनीति में इन्हीं सब बुराइयों को आधार बनाकर सत्ता हासिल की जाती है।

धनबल व भुजबल द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ाया जाता है और गाँधी की रामराज्य की कल्पना को ध्वस्त किया जाता है। आजकल के राजनेताओं के वे मूल्य नहीं रहे जिनकी नींव हमारे इन दोनों स्वतंत्रता सेनानियों ने डाली थी।

देश की एकता, अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम इनके बताए मार्ग पर चलें और इनको सच्ची श्रद्धांजलि स्वरूप सत्य व अहिंसा का मार्ग अपनाएं देश के प्रति, भारतीयता के प्रति समर्पण का भाव रखें।

अपनी सम्पूर्ण निष्ठा के साथ सार्वजनिक जीवन जीने वाली इन दोनों विभूतियों ने आजीवन देश को सर्वोपरि मानते हुए अपना बलिदान दे दिया। 11 जनवरी, 1966 को शास्त्री जी व 30 जनवरी 1948 को गांधी जी ने अपने प्राण त्याग दिए। -**भारती तोंदवाल**

प्राण वायु के लिए जरूरी है पौधारोपण : टांक

प्रवासी कुमावत क्षत्रिय समाज समिति, उदयपुर के तत्वावधान में जन सहभागीता से आहड़ सभ्यता के टीलो धूलकोट के किनारे 151 पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि उदयपुर नगर निगम के महापौर गोविंद सिंह टांक (कुमावत) ने कहा कि संक्रमण काल में अब पौधारोपण का महत्व और बढ़ गया है। हर नागरिक का दायित्व है कि वह अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाए।

धूलकोट चौराहे पर रविवार (12 सितम्बर) को हुए पौधरोपण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि आहड़ सभ्यता के संरक्षण के साथ ही आस पास के वातावरण को हरा भरा बनाए रखने से क्षेत्रवासियो के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी रहेगा।

समिति के अध्यक्ष हरिश वर्मा (आसीवाल) एवं सचिव संदीप कुमावत (घोड़ेला) ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान आहड़ सभ्यता के दोनों टिलो की चार दिवारी के बाहर-बाहर बोहरा गणेशजी की चारों कॉलोनी के निवासियों की सहभागिता से 150 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ 11 पोधे रोप कर किया गया। कार्यक्रम में समिति के गजानंद जलिन्दरा, सतीश घोड़ेला, सुरेश सिरसवा, फूलचंद सिरसवा, दिलीप वर्मा, कमलेश जाजोरिया, भूपेश आसीवाल, राजेश वर्मा, गिरधारी कुमावत, मनीष कुमावत, दिव्यम कुमार आदि ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीना, उपमहापौर पारस सिंघवी, निगम के अतिक्रमण निषेध निवारण समिति अध्यक्ष छोगालाल भोई और हंसा माली, अध्यक्ष गैराज समिति अध्यक्ष मनोहर चौधरी, पार्षद करणमल जारोली, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश भट्ट ने भी पौधारोपण किया।

पौधों की सुरक्षा को लेकर समिति सदस्यों सहित क्षेत्रवासियों ने जिम्मेदारी ली।

नवरात्री के नौ दिनों में होती है माँ के नौ रूपों की पूजा
रावण था महान् संगीतज्ञः संगीत सुनने के लिए देवता भी धरती पर आते थे

नवरात्री हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। जिसे दुर्गा माँ की पूजा को समर्पित किया जाता है। नवरात्री के त्योहार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। माँ के अनेक भक्त इन दिनों नंगे पाँव रहते हैं। अब नवरात्रा भारतीय संस्कृति में आनन्द, उत्साह और परम्परा के साथ मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार हो चुका है। धर्मग्रंथों और पुराणों के अनुसार नौ दिन तक माता दुर्गा धरती पर वास करती है। इसलिए नवरात्रा के नौ दिनों में माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा के साथ ही उपवास अनुष्ठान भी किया जाता है।

आश्विन मास में शुक्ल पक्ष कि प्रतिपदा से प्रारम्भ होकर नौ दिन तक चलने वाले नवरात्रा शारदीय नवरात्रा कहलाते हैं। नव का शाब्दिक अर्थ नौ है और इसे नव अर्थात नया भी कहा जाता है। शारदीय नवरात्रों में दिन छोटे होने लगते है। मौसम में परिवर्तन शुरू हो जाता है। प्रकृति, सर्दी की चादर में लिपटने लगती है। ऋतु के परिवर्तन का प्रभाव लोगों को प्रभावित न करे, इसलिए प्राचीन काल से ही इन दिनों में नौ दिनों के उपवास का विधान है।

दरअसल, इस दौरान उपवासक संतुलित और सात्विक भोजन कर अपना ध्यान चिंतन और मनन में लगाकर स्वयं को भीतर से शक्तिशाली बनाते है। इससे वह न केवल उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करते है बल्कि वह मौसम के बदलाव को सहने के लिए आंतरिक रूप से स्वयं को मजूबत भी करते है। इस पर्व के दौरान तीन प्रमुख हिंदू देवियों पार्वती, लक्ष्मी और सरस्वती के नौ स्वरूपों श्री शैलपुत्री, श्री ब्रह्मचारिणी, श्री चंद्रघंटा, श्री कुष्मांडा, श्री स्कंदमाता, श्री कात्यायनी, श्री कालरात्रि, श्री महागौरी, श्री सिद्धिदात्री का पूजन विधि विधान से किया जाता है। साल में दो बार नवरात्रों का विधान हमारे मनीषियों ने किया है। पहला नवरात्रा विक्रम संवत के पहले दिन चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा नवमी तक होते हैं। इसके छह महीनें बाद आश्विन मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से महानवमी अर्थात विजयदशमी के एक दिन पूर्व तक नवरात्रा मनाए जाते हैं। दोनों नवरात्रों में शारदीय नवरात्रों को ज्यादा महत्व दिया जाता है। हालांकि दोनों नवरात्रा में देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, लेकिन सिद्धि और साधना की दृष्टि से शारदीय नवरात्रों को विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है।

हमारे शास्त्रों में नवरात्रा पर्व मनाए जाने की दो पौराणिक कथाएँ है। **पहली पौराणिक कथा** के अनुसार, महिषासुर नाम का एक राक्षस था जो ब्रह्माजी का बड़ा भक्त था। उसने अपने तप से ब्रह्माजी को प्रसन्न करके एक वरदान प्राप्त कर लिया था। वरदान में उसे कोई देव, दानव या पृथ्वी पर रहने वाला कोई मनुष्य मार नही सकता था। वरदान प्राप्त करते ही बहुत निर्दयी हो गया और वह तीनों लोकों में आतंक मचाने लगा। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरूण और अन्य देवताओं के सभी को अपने वश में कर लिया था और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा था। उसके आतंक से परेशान होकर देवी देवताओं ने ब्रह्मा, विष्णु, महेश के साथ मिलकर माँ शक्ति के रूप में दुर्गा को जन्म दिया। माँ दुर्गा और महिषासुर के बीच नौ दिनों तक भयंकर युद्ध हुआ और दसवें दिन माँ दुर्गा ने महिषासुर का वध कर दिया। इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान श्रीराम ने लंका पर आक्रमण करने से पहले और रावण के साथ होने वाले युद्ध में जीत के लिए शक्ति की देवी माँ भगवती की आराधना की थी। रामेश्वरम में उन्होंने नौ दिनों तक माता की पूजा की। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर माँ ने श्रीराम को लंका विजय प्राप्ति का आशीर्वाद दिया। दसवें दिन भगवान राम ने लंका नरेश रावण को युद्ध में हराकर उसका वध कर लंका पर विजय प्राप्त की। इस दिन को विजयदशमी के रूप में जाना जाता है।

विजयदशमी (दशहरा) बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न होता है। उसी के उल्लास में जगह-जगह रामलीलाएँ होती हैं व रावण के पुतले का दहन किया जाता है। रावण का नाम सुनते ही सभी हिंदू धर्मावलंबियों के मन में सबसे पहले दुष्ट राक्षस और व्याभिचारी की छवि मन में आती है लेकिन धार्मिक ग्रंथों में रावण को एक प्रकाण्ड विद्वान, वेद ज्ञानी और वास्तुकार भी बताया गया है। लेकिन अंहकार के कारण उसका ज्ञान उसे अंत की ओर ले गया। रावण को हिंदू समाज में खलनायक की तरह माना गया है, लेकिन अपने ही देश में एक जगह ऐसी भी है जहाँ रावण को जलाया नहीं जाता, बल्कि उसकी पूजा की जाती है।

रावण एक संगीतज्ञ भी था, उसे वीणा बजाने में महारथ हासिल थी। रावण को संगीत का बहुत शौक था। पौराणिक कथाओं में उल्लेख मिलता है कि रावण इतनी मधुर वीणा बजाता

था कि देवता भी उसका संगीत सुनने के लिए धरती पर आ जाते थे।

रावण के दस सिरों के पीछे है पौराणिक कथा

रावण के 10 सिर के बारे में दो मत हैं। **पहले मत के अनुसार** रावण के दस सिर नहीं थे। उसके गले में पड़ी 9 मोतियों की माला से एक भ्रम पैदा होता था कि उसके 10 सिर है। ये माला उसे, उसकी माँ ने दी थी। **दूसरे मतानुसार** जब रावण शिवजी को प्रसन्न करने के लिए घोर तप कर रहा था, तब रावण ने खुद अपने सिर को धड से अलग कर दिया था और शिवजी उसकी ये भक्ति देख इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने उसके हर टुकड़े से एक सिर बना दिया था।

एक श्राप की वजह से नही कर सका रावण माता सीता को स्पर्श

ऐसा कहा जाता है कि रावण महिलाओं के प्रति बहुत जल्द आसक्त हो जाता था। एक बार जब वह नालाकुरा की पत्नी को अपने वश में करने की कोशिश कर रह था तब उन्होंने उसे श्राप दिया था कि वह जीवन किसी भी स्त्री को उसकी इच्छा के बिना स्पर्श नहीं कर सकेगा और ऐसा करने का प्रयास किया तो उसका विनाश हो जाएगा। यही कारण था कि वह देवी सीता को छू नहीं सका था।

रावण था एक आदर्श पति और आदर्श भ्राता

रावण एक आदर्श भाई और पति था। वह अपनी बहन का अपमान नहीं सह सका था और वहीं वह अपनी पत्नी का भी बहुत सम्मान करता था। अपनी पत्नी को बचाने के लिए वह उस यज्ञ से उठ गया, जिससे वो राम की पूरी सेना को तबाह कर सकता था।

नवरात्री व विजयदशमी की सभी पाठकों को शुभकामनाएँ। माँ की आराधना के साथ-साथ नवरात्री पर्व पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाये, लेकिन महामारी से बचाव के उपायों की पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पालन करें। ध्यान रहे कोरोना अभी गया नहीं है। कोरोना से जीती हुई बाजी कहीं हम हार न जायें इसलिए कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करें। कोरोना की इस महामारी से हमें सदैव के लिए मुक्ति मिले, यही हमारी कामना है।

- **जयसिंह गुडीवाल,** सह सम्पादक मो. 9461343432

उदयपुर क्षत्रिय कुमावत समाज विधिक सेवा समिति गठित

'क्षत्रिय कुमावत समाज विधिक सेवा समिति' का गठन विधिवत दिनांक 14 अगस्त 2021 को उदयपुर शहर की समस्त पंचायतों, प्रवासी समाज, महासभा, विकास मंच एवं समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुए हैं। अध्यक्ष भरत कवाया 7023766778, 9214987114, उपाध्यक्ष शंकर लाल भदाणिया 9828028811, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता अजमेरा 9982043011 9057276788, महामंत्री भरत कुमार बबेरीवाल 79765 89521, कोषाध्यक्ष कुलदीप टॉक 8209697712, कार्यालय मंत्री दिनेश गोठवाल 9828579252 तथा मंत्री प्रियांश कुमावत गोठवाल 8955820166 निर्वाचित हुए हैं। इस समिति द्वारा अब विधिवत समाज की सेवा का कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। यदि समाज के किसी परिवार का कोई भी पारिवारिक विवाद न्यायालय में लंबित है तथा वे आपसी समझौते अथवा निष्पक्ष मध्यस्थता से अपना परिवारिक विवाद का निपटारा करना चाहते हैं तो विधिक सेवा समिति को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि अन्य न्यायिक मामलों मे भी सहायता की आवश्यकता हो तो यह विधिक सेवा समिति समाजजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएगी।

- **एडवोकेट हरिशंकर खण्डारिया 7976846836**

1700 किलोमीटर का सफर तय कर सरहद पर ले पहुंचे बहनों का प्यार

देश सेवा के लिए सरहदों पर तैनात जवान भाइयों की कलाई सूनी ना रहे, यही भावना और बहनों का प्यार लेकर बाड़मेर की मुनाबाव सीमा पर हपुंचे जयपुर के दो देशप्रेमी। जयपुर के राजू

कुमावत और अमित सिंह सिसोदिया (रॉयल बुलेट बटालियन) का देश के प्रति प्रेम देखते ही बनता है कि दो दिन लगातार बाइक से 1700 किलोमीटर का सफर तय कर जवान भाईयों की कलाई पर भाईयों का प्यार बांधा। आपसी सौहार्द्र और प्रेम का अनुभव दोनों देशप्रेमियों ने वापस लौटकर सांझा किया। उन्होंने बताया कि शहर बहनों और बच्चों द्वारा बनाई गई लगभग 10 हजार राखियां, जवान, भाईयों के लिए अलग-अलग प्यार भरे संदेश वाले 3 हजार विजिटिंग कार्ड और चॉकलेट लेकर पहुंचे थे। मुनाबाव सीमा पर भारतीय सेना के परिसर में जवानों की कलाई पर रखी बांधकर विजिटिंग कार्ड और चॉकलेट दी। इस अवसर पर जवानों ने '**संदेशे आते हैं, हमें तड़पाते हैं....**' सामूहिक गीत गाकर भाव विभोर कर दिया।

पितृ पक्ष और भारतीय परम्परा: पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का पर्व है श्राद्ध पक्ष

श्राद्ध का मतलब श्रद्धापूर्वक अपने पूर्वजों को प्रसन्न करने से है। सनातन मान्यता के अनुसार जो परिजन अपना देह त्यागकर चले गये है, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए सच्ची श्रद्धा के साथ जो तर्पण किया जाता है, उसे श्राद्ध कहा जाता है।

हमारे समाज में हर सामाजिक व वैज्ञानिक अनुष्ठान को धर्म से जोड़ दिया गया था ताकि परम्पराएँ निभाई जाती रहे। श्राद्धकर्म उसी श्रृंखला का एक भाग है जिसके सामाजिक या पारिवारिक औचित्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। हिन्दू धर्म में मृत्यु के बाद श्राद्ध करना बेहद जरूरी माना जाता है। मान्यतानुसार अगर किसी मनुष्य का विधिपूर्वक श्राद्ध और तर्पण न किया जाए तो उसे इस लोक से मुक्ति नहीं मिलती है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, देवताओं को प्रसन्न करने से पहले मनुष्य को अपने पितरों यानि पूर्वजों को प्रसन्न करना चाहिए। हिन्दू ज्योतिष के अनुसार भी पितृ दोष को सबसे जटिल कुंडली दोषों में से एक माना जाता है। पितरों की शांति के लिए हर वर्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक के काल में पितृ पक्ष श्राद्ध मनाए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान कुछ समय के लिए यमराज पितरों को आजाद कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों से श्राद्ध ग्रहण कर सकें। ब्रह्मपुराण के अनुसार, जो भी वस्तु उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम उचित विधि द्वारा ब्राह्मणों को श्रद्धापूर्वक दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है. श्राद्ध के माध्यम से पितरों की तृप्ति के लिए भोजन पहुंचाया जाता है। पिण्ड रूप में पितरों को दिया गया भोजन श्राद्ध का अहम हिस्सा होता है।

कौन कहलाते हैं पितर ?

जिस किसी के परिजन चाहे वो विवाहित हो या अविवाहित हो, बच्चा हो या बुजुर्ग, स्त्री हो या पुरूष उनकी मृत्यु हो चुकी है उन्हें पितर कहा जाता है, पितृपक्ष में पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया जाता है। पितरों के प्रसन्न होने पर घर में सुख शांति आती है।

जब याद ना हो श्राद्ध की तिथि

पितृपक्ष में पूर्वजों का स्मरण और उनकी पूजा करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। जिस तिथि को हमारे परिजनों की मृत्यु होती है उसे श्राद्ध तिथि कहते हैं। बहुत से लोगों को अपने परिजनों की मृत्यु की तिथि याद नहीं रहती ऐसी स्थिति में शास्त्रों के अनुसार आश्विनी अमावस्या को तर्पण किया जा सकता है। इसलिए इस अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है।

श्राद्ध पक्ष में कौओं का महत्त्व

कौए को पितरों का रूप माना जाता है। मान्यता है कि श्राद्ध ग्रहण करने के लिए हमारे पितर कौए का रूप धारण कर नियत तिथि पर हमारे घर आते हैं। अगर उन्हें श्राद्ध नहीं मिलता है तो वे रुष्ट हो जाते हैं। इस कारण श्राद्ध का प्रथम अंश कौओं को दिया जाना चाहिए।

श्राद्ध पक्ष से जुड़ी पौराणिक मान्यतायें

महाभारत काल में श्राद्ध के बारे में पता चलता है। जिसमें भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को श्राद्ध के संबंध में कई बातें बताई हैं। साथ ही यह भी बताया गया है कि श्राद्ध की परम्परा कैसे शुरू हुई।

महाभारत के अनुसार, सबसे पहले महातप्सवी अत्रि ने महर्षि निमि को श्राद्ध के बारे में उपदेश दिया था। इसके बाद महर्षि निमि ने श्राद्ध करना शुरू कर दिया। महर्षि को देखकर अन्य ऋषि मुनियों ने पितरों को अन्न देने लगे। लगातार श्राद्ध का भोजन करते-करते देवता और पितर पूर्ण तृप्त हो गये।

लगातार श्राद्ध का भोजन पाने से देवताओं और पितरों को अजीर्ण रोग हो गया और इससे उन्हें परेशानी होने लगी। इस परेशानी से निजात पाने के लिए वे ब्रह्माजी के पास गये और अपने कष्ट के बारे में बताया। देवताओं और पितरों की बातें सुनकर उन्होंने बताया कि अग्निदेव आपका कल्याण करेंगे। अग्निदेव ने देवताओं और पितरों को कहा कि अब से श्राद्ध में हम सभी साथ में भोजन किया करेंगे। मेरे पास रहने से आपका अजीर्ण भी दूर हो जायेगा। यह सुनकर प्रसन्न हो गये। इसके बाद से ही सबसे पहले श्राद्ध का भोजन पहले अग्निदेव का दिया जाता है, उसके बाद ही देवताओं और पितरों को दिया जाता है।

शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि हवन में जो पितरों को निमित्त पिंडदान दिया जाता है, उसे ब्रह्मराक्षस भी दूषित नहीं करते। इसलिए श्राद्ध में अग्निदेव को देखकर राक्षस भी वहाँ से चले जाते हैं। अग्नि हर चीज को पवित्र कर देती है। पवित्र खाना मिलने से देवता और पितर प्रसन्न हो जाते हैं।

शिक्षिका दुर्गेश नंदिनी ने सेवानिवृत्ति पर स्कूल में सरस्वती मूर्ति स्थापना कराई

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्रा.प. काछवा, प.स. गोगुन्दा, उदयपुर की शिक्षका दुर्गेश नंदिनी दाहिमा ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर पति स्व. श्री देवेन्द्र दाहिमा उदयपुर की स्मृति में विद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती की मूर्ति की स्थापना करा कर अनुकरणीय कार्य किया है।

आप लालकोठी स्कीम जयपुर निवासी स्व. श्री गोकुल चन्द जलान्धरा की पुत्री हैं तथा श्री अम्बालाल दाहिमा निवासी उदयपुर आपके श्वसुर हैं। आपके पति श्री देवेन्द्र का निधन वर्ष 2006 में होने के उपरांत आपने वर्ष 2008 में राजकीय अध्यापिका की नौकरी प्रारम्भ की थी तथा सितम्बर 2021 में सेवानिवृत्त हुई हैं। आपके 2 पुत्र राहुल व प्रयांश हैं।

आपके भ्राता सर्वश्री सी पी सिंह, नरेंद्र सिंह, चेतन सिंह व नवनीत प्रकाश है। आप विधालय के अनेक निर्धन विधार्थियों को नि:शुल्क पुस्तके, पाठ्यसामग्री व यूनिफार्म की व्यवस्था समाजजनों से कराती रही है। आपके द्वारा विद्यालय प्रांगण में **माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापित** कराने का अनुकरणीय कार्य करने व सफलता पूर्वक **सेवानिवृत्त** होने पर **कुमावत इंडिया** पत्रिका की ओर से बधाई।

चाय बेचने वाले की बेटी ट्विंकल ने नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीता

राणा सांगा बाजार, चित्तौड़गढ़ में चाय की रेड़ी लगाने वाले कन्हैया लाल की बेटी टिवंकल ने ''युथ गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल चेम्पियनशिप, 2021'' दिल्ली में 65 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीत कर राजस्थान को इस प्रतियोगिता में एक मात्र मैडल दिलाया।

टिवंकल ने पहले राज्य स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता में भरतपुर व सीकर में रजत पदक जीत चुकी है।

टिवंकल बचपन से बास्केटबॉल खेलती थी, **किंतु साढ़े तीन साल पहले पिता की प्रेरणा से कुश्ती सीखना शुरू किया।** पहले स्टेडियम में लड़कियां आती थी किंतु बाद में उन्होंने आना बंद कर दिया, **इसलिए लड़को के साथ कुश्ती का अभ्यास किया।** सत्यनारायण व्यायामशाला के प्रशिक्षक कमल गुर्जर ने इन्हें कुश्ती के दाव सिखाये। इसके पिता कम आय होते हुए छोटी पुत्री शिवानी व पुत्र युवराज को भी कुश्ती का प्रशिक्षण दिला रहे है व उनकी खुराक पर विशेष ध्यान दे रहे है।

टिवंकल को गोल्ड मैडल जीतने पर '**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से बधाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना।

डूंगरराम गेदर के 55वें जन्मदिन पर रक्तदान

जनसेवक डूंगर राम गेदर के 55वें जन्मदिन पर राजस्थान के सूरतगढ़, गंगानगर, मुंडा, सादुलशहर, गोलुवाला, पीलीबंगा, रावतसर, भादरा, रतनगढ़, सुजानगढ़, बिदासर, सालासर, मालपुरा टोंक, बीकानेर, कातर, रावला मंडी, बालोतरा, जयपुर, बरवाला हरियाणा, पुणे (महाराष्ट्र) सहित अनेक स्थानों पर विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने रक्तदान किया।

इन रक्तदान शिविरों में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और गेदर साहब को रक्तदान करके जन्मदिन का उपहार दिया और आगामी जीवन में इनके अच्छे स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य की कामना की। सूरतगढ़ शहर में व्यापार मंडल में हुए रक्तदान शिविर में कोरोना के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए रिकॉर्ड 171 यूनिट रक्त 'मैत्री ब्लड बैंक सूरतगढ़' द्वारा एकत्रित किया गया और इस अवसर पर डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. संजय मरवाल, डॉ. सतीश टाक, पूर्व प्रधान साहबराम पूनिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के साथ अन्य साथियों ने पहुंच कर गेदर साहब को गुलदस्ते भेंट करके जन्मदिन की बधाई दी। सूरतगढ़ के अलावा प्रदेश के अन्य स्थानों पर लगे रक्तदान शिविरों में लगभग 1700 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर रक्तदान शिविरों के अलावा विभिन्न अस्पतालों में फल, सैनिटाइजर व मास्क भी बांटे गए। प्रदेश के अनेकों स्थानों पर पौधरोपण के कार्यक्रम और गौशालाओं में गायों को चारा, गुड आदि खिलाया गया।

सेवा संस्थान, राजस्थान के सचिव श्रवण सिंगाठिया ने कहा कि प्रदेश और प्रदेश के बाहर लगे इन रक्तदान शिविरों व अन्य कार्यक्रमों में उपस्थित हज़ारों कार्यकर्ताओं व समर्थकों की संख्या ने एक बार फिर इस बात का प्रमाण दिया है कि गेदर साहब की पूरे प्रदेश में अटूट पकड़ है और प्रदेश के हर हिस्से में इनके समर्थक व चाहने वालों कि संख्या निरन्तर बढ़ रही है।

गेदर साहब के बड़े भाई ओम प्रकाश जी गेदर ने कहा कि इन्होंने आजीवन अविवाहित रहते हुए अपने जीवन के 35 वर्ष आमजन की सेवा में लगाये हैं और जनता का प्यार ही कमाया है, जो इन आयोजनों से स्पष्ट है।

'**कुमावत इंडिया**' पत्रिका ने जननेता डूंगर राम जी गैदर को जन्मदिन की बधाई दी व उनकी लंबी उम्र की कामना की है।

कुमावत इंडिया पत्रिका की ओर से सफलता पर बधाई

12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं

100
दीपक कुमावत
घोइन्दा, राजसमन्द

99.40
रोशन कुमावत
सबलपुरा, सीकर

96.60
मानव कुमावत
उदयपुर

95.00
आदित्य कुमार कुमावत
जोबनेर, जयपुर

94.40
दीपा कुमावत
आसलपुर


92.60
वसुन्धरा कुमावत
आकोड़ा, जयपुर

87.80
हिमांशु कुमावत
झोटवाड़ा, जयपुर

86.00
भावेश कुमावत
सोजत, पाली

84.00
रमेश कुमावत
गोविन्दपुरा, जयपुर

82.20
अशोक कुमावत
नावां सिटी

82.00
मीनाक्षी कुमावत
चौमूं

82.00
आदित्य मुंडेल
सांवेर, इंदौर

81.80
चन्द्र प्रकाश कुमावत
बघेरा

80.80
अभिषेक कुमावत
इन्दरगढ़, बूंदी

10वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं

97.60
अक्षांश कुमावत
उदयपर


91.00
रिद्धिमा कुमावत
बगरू, जयपुर

87.00
कुशाल कुमावत
रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

84.00
रोहित कुमावत
जोबनेर, जयपुर

83.33
गोविन्द राम
डेचू, जोधपुर


81.67
टीनीशा कुमावत
प्रतापनगर, जयपुर

81.67
हिमांशी कुमावत
सांगानेर, जयपुर

81.17
सत्यनारायण कुमावत
सदाडा (भीलवाड़ा)

81.00
कुसुम पटेल
बिलाड़ा, जोधपुर

80.17
महीपाल
बिलाड़ा, जोधपुर

80.00
रोहित कुमावत
गोविन्दगढ़

नेमीचन्द कुमावात
मौजमाबाद पंचायत समिति
वार्ड नं. 16

पंचायत आदि चुनाव में विजयी उम्मीदवार

उषा देवी कुमावत
पंचायत समिति जालसू
वार्ड नं. 25

हरफूल कुमावत
पं.स. गोविंदगढ़ वार्ड नंबर 25 से 233 वोटों से विजयी।


श्रीमती नारंगी कुमावत पत्नी रिशपाल कुमावत पं. स. गोविन्दगढ़ वार्ड न. 03 से 824 मतों से विजय

धर्मेंद्र कुमार (बैताडिया)
भारतीय जनता पार्टी से जोबनेर पं. स. वार्ड नम्बर 5 से 1063 मतों से विजयी

श्री जय राम कुमावत
रोजदा से विजयी।

श्री मनोज कुमावत,
वार्ड नं 14 से जिला परिषद निर्वाचित

रेखा कुमावत
वार्ड 18 बालेसर से विजयी।

प्रेम देवी कुमावत
ग्राम पंचायत गुढ़ा बैरसल

हनुमान सहाय कुमावत,
पंचायत समिति गोविन्दगढ़ के वार्ड नं. 8 से विजयी होने पर बधाई।

ज्योती कुमावत,
पंचायत समिति गोविन्दगढ़ के वार्ड 11 से विजयी होने पर बधाई।

नन्दकिशोर कुमावत,
पंचायत समिति झोटवाड़ा वार्ड नं. 6

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा (रजि.) उत्तरी पूर्वी जोन, राजस्थान के चुनाव

विजयी हुए प्रत्याशियों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई

राजेश धुंधारिया, जयपुर शहर के अध्यक्ष तथा जयसिंह गुड़ीवाल जोन कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा रजि. उत्तरी-पूर्वी जोन के चुनावों में जयपुर शहर अध्यक्ष पद पर **राजेश धुंधारिया** विजयी घोषित हुए है। श्री राजेश धुंधारिया वर्तमान में जयपुर नगर निगम हेरिटेज में वार्ड नं. 48 से पार्षद है। श्री राजेश धुंधारिया कुमावत इंडिया पत्रिका के व्यवस्थापक मंडल सदस्य है तथा श्री जयसिंह गुड़ीवाल सह-संपादक हैं। जयपुर शहर के कुमावत समाज को आपसे आशा है आप समाज को नई बुलंदियों पर ले कर जाएंगे। आप दोनों की जीत पर कुमावत इंडिया पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

नवल सरथल्या
महामंत्री जयपुर शहर

दीपक नेमीवाल
प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तरी पूर्वी जोन

रूपकिशोर रतीवाल
प्रदेश महामंत्री उत्तरी पूर्वी जोन

रामस्वरूप मारवाल
महामंत्री जयपुर देहात

राजेन्द्र कुदीवाल
उपमंत्री उत्तरी पूर्वी जोन

मुकेश कुमावत
जिला महामंत्री
टोंक

पूरनमल छापोला
संगठन मंत्री

सूरज किरोड़ीवाल
जिलाध्यक्ष, अजमेर

छोटूराम बड़ीवाल
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
सोडाला

शंकर लाल मामोड़िया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
चौमूं

नेमी चन्द छापोला
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
झोटवाड़ा

गोपाल अनावड़िया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सोडाला

शीला अनावड़िया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
चांदपोल-किशनपोल

इन्द्र सिंह भदानिया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

भीम सिंह सिरोहिया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

विजेन्द्र मारवाल
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
चांदपोल

महेन्द्र कुमार भोरोदिया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
लालकोठी

कमला देवी मामोड़िया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
चौमूं

संग्राम मावर
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
अजमेर

अरुण कुसुम्बीवाल
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
बापूनगर

पूनम अजमेरा
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

मनोज जाखड़, केकड़ी
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

हरलाल कुमावत
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
दूदू

राकेश बारवाल
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
बगरू

नवल किशोर बबेरीवाल
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

शिवदयाल धुंधारिया
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
ढहर के बालाजी

संतोष नेमीवाल
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
फुलेरा

श्यामलाल मावर
नागौर

कुलदीप पारमवाल
जोन कार्यकारिणी सदस्य
किशनगढ़

चमनलाल कुमावत
जोन कार्यकारिणी सदस्य
बगरू

प्रहलाद दम्बीवाल
जोन कार्यकारिणी सदस्य, फुलेरा

गीता स्वामी
जोन कार्यकारिणी सदस्य
किशनपोल

रूपनारायण कुमावत
जोन कार्यकारिणी सदस्य
सोडाला

मोहनलाल खाटूवाल
जोन कार्यकारिणी सदस्य
सोडाला

नरेन्द्र गुड्डीवाल
जोन कार्यकारिणी सदस्य
बापूनगर

नीतू बातरा
जोन कार्यकारिणी सदस्य
टोंक

धनकुमार भदानिया
जोन कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

रतनलाल जूनवाल
जोन कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

रतनलाल जूनवाल
जोन कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

संतोष देवी मोरवाल
जोन कार्यकारिणी सदस्य
सांगानेर

बालस्वरूप बरनोटा
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य
किशनगढ़

निर्वाचित हुए जिन पदाधिकारियों की फोटो उपलब्ध नहीं हुई है उनका विवरण प्रकाशित नहीं हो पाया है। कुमावत इंडिया पत्रिका की ओर से उन सभी को भी निवार्चित होने पर बधाई।

108वीं जयंती पर विशेष

स्व. श्री भौंरी लाल वर्मा (मास्टर जी)

14 सितम्बर, 1914 को श्री भोमाराम देवतवाल पुत्र श्री गंगाबक्श देवतवाल के साधारण कृषक परिवार में जयपुर की हथरोई कच्ची बस्ती में श्री भौंरीलाल जी का जन्म हुआ। इनके माता-पिता का देहावसान जल्द हो जाने से लालन-पालन दादा-दादी ने किया। इनकी दादी मिट्टी के खिलाने बनाकर बेचती थीं। मास्टरजी का बचपन कष्ट में व्यतीत हुआ तथा परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। आपका विवाह 11 वर्ष की उम्र में श्री दूलीचन्द किरोड़ीवाल की पुत्री फूला देवी के साथ हुआ।

श्री भौंरी लाल जी अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए स्वयं ट्यूशन देते। वर्ष 1936 में हाई स्कूल परीक्षा वाणिज्य विषय में उत्तीर्ण की तथा उसी वर्ष लक्ष्मणगढ़ (सीकर) में अध्यापक नियुक्त हुए, जहां आप लगभग 13 वर्ष रहे। अपने जीवन के अनुभवों से सीख कर गरीब छात्रों की मदद की व 'मास्टरजी' नाम से पहचाने जाने लगे। जयपुर रियासत के महाराजा मानसिंह ने जब राजपूताना विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की तो मास्टरजी ने नौकरी हेतु आवेदन किया तथा उन्हें नियुक्ति मिली तो जयपुर आ गये। मास्टरजी के विश्वविद्यालय के नियम, उपनियम बनाने तथा उनमें संशोधन करने में दक्षता के कारण उनसे कुलपति व कुलसचिव भी सलाह लेते थे। इनकी लोकप्रियता के कारण इन्हें 'काकाजी' कहा जाने लगा।

मास्टर जी 14 सितम्बर 1976 को सहायक कुलसचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवा के दौरान आपने अनेक समाज बंधुओं को विश्वविद्यालय में नौकरी पर लगाया था।

मास्टरजी ने सदैव प्रयत्न करने पर जोर दिया न कि भाग्य पर। यदि कोई छात्र मदद मांगने आया तो निराश नहीं किया। वे काम को ही पूजा मानते थे। मास्टरजी ने वर्ष 1960 में बालनिवास, जयपुर के ट्रस्टियों से मिलकर बाहर से जयपुर आये छात्रों के लिए छात्रावास की स्थापना करायी जिसमें छात्रों की हर तरह से मदद की तथा अनेक होनहार छात्र यहां से निकले जिनका समाज में नाम हुआ। आपने अपने घर में '**श्रीमती लक्ष्मी स्मृति पुस्तकालय**' तथा बाल निवास में '**बालजी घोड़ेला पुस्तकालय**' स्थापित

शेष पृष्ठ 23 पर ...

मास्टर भौंरीलाल वर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट

30, नवल निकुंज, पंचवटी जेडीए कॉलोनी, गुर्जर की थड़ी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

स्व. मास्टर भौंरीलाल वर्मा (देवतवाल)

(14 सितम्बर, 1914-24 सितम्बर 1983)

की 108वीं जयन्ती पर उनको नमन करते हुए उनके द्वारा प्रतिपादित किए गए सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए हम कृत संकल्प हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के कारण इस वर्ष ट्रस्ट की गतिविधियां अत्यन्त सीमित रही हैं।

ट्रस्ट की प्रमुख गतिविधियां

(1) प्रतिवर्ष छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करना।
(2) आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को अग्रिम अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करना।
(3) श्रीमती लक्ष्मी स्मृति पुस्तकालय के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पुस्तकीय सहायता करना।
(4) स्व. मास्टर जी की जयन्ती 14 सितम्बर को स्मृति व्याख्यान आयोजित करना एवं समारोह की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करना एवं छात्रवृत्ति वितरण करना।
(5) समाज सेवा एवं शैक्षणिक उन्नयन हेतु अन्य कार्यक्रमों का आयोजन।

किशोर कुमार देवतवाल
संरक्षक
मो.: 7877095052

रामजीलाल तोंदवाल
अध्यक्ष
मो.: 9828130256

रामचन्द्र वर्मा
उपाध्यक्ष
मो.: 9672750188

धीरज वर्मा
कोषाध्यक्ष
मो.: 9929442200

रविकान्त वर्मा
मंत्री
मो.: 9983314170

मान्यता यह भी है कि जब महाभारत के युद्ध में दानवीर कर्ण का निधन हो गया और उनकी आत्मा स्वर्ग पहुंच गई, तो उन्हें नियमित भोजन के बजाय खाने के लिए सोना और गहने दिये गये। इस बात से निराश होकर कर्ण की आत्मा ने इंद्र देव से इसका कारण पूछा। तब इंद्र देव ने कर्ण को बताया कि आपने अपने पूरे जीवन मे सोने के आभूषणों को दूसरों को दान किया लेकिन कभी भी अपने पूर्वजों को भोजन दान नहीं दिया। तब उसने उत्तर दिया कि वो अपने पूर्वजों के बारे में नहीं जानता और उसे सुनने के बाद भगवान इंद्र ने उसे 15 दिनों की अवधि के लिए पृथ्वी पर वापस जाने की अनुमति दी, ताकि वो अपने पूर्वजों को भोजन दान कर सके। इसी 15 दिन की अवधि को पितृ पक्ष के रूप में जाना जाता है।

समय परिवर्तन के साथ लोगों में पितरों के श्राद्ध के प्रति श्रद्धा और समर्पण में बदलाव आया है। आधुनिकता की चकाचौंध में आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति, सभ्यता, परम्परा व संस्कारों को दरकिनार कर रही है। युवा पीढ़ी इससे अधिक प्रभावित हो रही है। युवा इसे रूढ़िवादिता का नाम देते हैं। भोग विलास और आधुनिकता की चकाचौंध और ऐश्वर्य उनके जीवन का आदर्श बन चुके हैं। पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करना चाहिए जिससे वे जिस योनि में हो उन्हें दु:ख नहीं मिले। उनकी सुख-शांति के लिए पिंडदान तर्पण करना ही श्राद्ध की महिमा है। श्राद्ध की परम्परा को बनाए रखकर हम अपनी संस्कृतिक और विरासत को जीवित रख सकते हैं।

– **रवि कुमार कुमावत,** सांगानेर, जयपुर

श्री अजीत वर्मा (अनावडिया).... पृष्ठ 5 से आगे

उपलब्धियां व पुरस्कार : कोलंबिया की रीनकोनसरटे फाउंडेशन ने (2017) दुनिया के 25 उत्तम कलाकारों को चुना था जिसमें पूरे एशिया से सिर्फ आप अकेले चुने गए थे। आपके दो पेंटिंग्स चुने गए थे और आपको अवार्ड देखकर सम्मानित किया था। आज आप इस भारत में इस फाउंडेशन के लाइफ टाईम सदस्य हैं।

भारत की विविध फाउंडेशन ने भी आपको सम्मानित किया है:-

सन 2014 अंतर्राष्ट्रीय कलाव्रत उत्सव, उज्जैन (मध्य प्रदेश) द्वारा '**नेशनल स्वस्ति सम्मान**' से सम्मानित किया गया।

सन 2016 राष्ट्रीय पर्व क्रेयॉन्स, टोंक (राजस्थान) द्वारा 'राष्ट्रीय कला रत्न पुरस्कार' से नवाजा गया।

सन 2017 कोलंबिया बगोटा से रीनकोनसरटे फाउंडेशन द्वारा 'आर्टिस्ट ऑफ द मंथ सन 2017' सम्मानित किया गया।

सन 2019 कला चर्चा जयपुर (राजस्थान)द्वारा 'कला गुरु रविंद्र नाथ ठाकुर सम्मान' से नवाजा गया।

सन 2019 वरुड (महाराष्ट्र) कला जीवन बहू उद्देश्य संस्था द्वारा 'राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार' से नवाजा गया।

सन 2019 कलाव्रत न्यास अंतर राष्ट्रीय कला उत्सव उज्जैन(मध्य प्रदेश) द्वारा 'राष्ट्रीय कला-मनीषी' सम्मान से नवाजा गया।

इसके साथ ही सभी राष्ट्रीय/ जोन पदाधिकारी मुख्य अथितियों द्वारा अपने-अपने सम्बोधन में अपील की, कि समाज की एकता व समाज हित में आवश्यक कदम उठावे तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को महासभा की मुख्य धारा से जोड़े।

सन 2020 कला जीवन बहु उद्देश्य संस्था अमरावती (महाराष्ट्र) द्वारा 'राष्ट्रीय रत्न अवॉर्ड 2020' से सम्मानित किया गया।

म्यूरल कला का भूला बिसरा माध्यम 'सैंड कास्टिंग इन सीमेंट' जिस को जीवंत रखने की कोशिश करते रहे हैं और इस माध्यम का डेमोंसट्रेशंस कला महाविद्यालय तथा कला फाउंडेशन में करते रहे हैं ताकि यह कला जीवंत रहे।

यही भूली बिसरी कला को भारतीय नासा ने आगे बढ़ाने के लिए आपको खोजा और जयपुर की पूर्णिमा महाविद्यालय में भारत के विविध आर्किटेक्ट महाविद्यालय के चुने हुए 50 विद्यार्थियों को आपने यह कला का ज्ञान दिया।

आपने गुजरात ललित कला अकादमी द्वारा और उज्जैन आबू रोड जयपुर टोंक मुंबई पालनपुर की विविध कला संस्था द्वारा आयोजित आर्ट कैंप मैं शिरकत की है जिससे नए फ्रेश विद्यार्थियों ने आपसे कला और कला के गुण सीखें है।

प्रोजेक्ट्स : आपने अब तक विभिन्न प्रकार के विविध माध्यम में म्यूरल के 11 प्रोजेक्ट्स भारत के विविध शहर में किए हैं।

कला शिविर : अब तक करीब 16 कला कैंप में शिरकत कर चुके हैं कला कैंप वरिष्ठ कलाकार के लिए और कला विद्यार्थियों के लिए अपना टैलेंट दिखाना और सीखने का बहुत उपयुक्त वातावरण मिलता है

कला संग्रह : आपकी कला देश विदेश में लोगों ने खूब सराही गयी है और आपके हाथों से रची गई कला प्राइवेट कलेक्शन वडोदरा, वडोदरा टर्मिनल बस डिपो, एक नजर 8 क्लब रेवाड़ी, गुजरात स्टेट ललित कला अकादमी आदि स्थानों पर प्रदर्शित है।

आपका वडोदरा मे स्टूडियो आर्ट गैलरी सेकंड फ्लोर बी ई आई कंपाउंड एलएनटी डायलिसिस सेंटर के पीछे छानी रोड पर स्टूडियो है।

देव और दानवों के युद्ध के दौरान देव पत्नियों ने भी किया था करवा चौथ का व्रत

करवा चौथ का व्रत पुरातन काल से चला आ रहा है। पुराणों और शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि यह व्रत अपने जीवन साथी के स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना से किया जाता है। व्रत का स्वरूप थोड़े फेरबदल के साथ अब भी वही है। लेकिन यह व्रत पति-पत्नी तक ही सीमित नहीं रहा है। असल में तो यह व्रत पूरे परिवार के हित और कल्याण के लिए किया जाता है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चंद्रमा दर्शन के बाद संपूर्ण होता है। यह भारत के पंजाब, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाने वाला पर्व है।

करवा चौथ हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार है, वैसे तो यह व्रत विवाहित स्त्रियों के लिए जरूरी माना जाता है। परन्तु अब अविवाहित युवतियाँ भी अच्छे वर की कामना से यह व्रत रखने लगी है। यह व्रत पति-पत्नी के बीच आपसी प्यार और विश्वास को बढ़ाने वाला पर्व है।

पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन सुहागिन स्त्रियाँ गणेशजी की पूजा-अर्चना करती है। करवा चौथ में भी संकष्टी गणेश चतुर्थी की तरह **दिनभर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है अधिकतर स्त्रियाँ निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।** इस व्रत को केवल सौभाग्यवती स्त्रियों चाहे किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की हो, इस व्रत को करने का अधिकार है। यह व्रत 12 वर्ष अथवा 16 वर्ष तक लगातार हर वर्ष किया जाता है। इसके पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियाँ आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। अत: सुहागिन स्त्रियाँ अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करती है।

भारत में वैसे तो चौथ माताजी के अनेक मंदिर है, लेकिन **सबसे प्राचीन एवं सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के 'चौथ का बरवाड़ा' गाँव में स्थित है।** चौथ माता के नाम पर इस गाँव का नाम बरवाड़ा से ''चौथ का बरवाड़ा'' पड़ गया। चौथ माता के इस मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान द्वारा की गयी थी।

करवा चौथ की कथाएँ:

यूं तो करवा चौथ की कई कथाऐं प्रचलित है। लेकिन ऐसा माना जाता है कि करवा चौथ की परम्परा देवताओं के वक्त से चली आ रही है। कहा जाता है कि देवताओं और दानवों के युद्ध के दौरान देवों को विजयी बनाने के लिए ब्रह्माजी ने देवों की पत्नियों को व्रत रखने का सुझाव दिया था। जिसे स्वीकार करते हुए इंद्राणी ने इंद्र के लिए और अन्य देवताओं की पत्नियों ने अपने पतियों के लिए निराहार, निर्जल व्रत किया नतीजा यह रहा कि युद्ध में सभी देव विजयी हुए और इसके बाद ही सभी देव पत्नियों ने अपना व्रत खोला। उस दिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी थी और आकाश में चंद्रमा निकल आया था। मान्यता है कि तभी से करवा चौथ का व्रत शुरू हुआ। यह भी कहा जाता है कि शिवजी को प्राप्त करने के लिए देवी पार्वती ने भी इस व्रत को किया था। महाभारत काल में भी इस व्रत का उल्लेख मिलता है कि गांधारी ने धृतराष्ट्र और कुंती ने पाण्डु के लिए इस व्रत को किया था।

पहली कथा:

सबसे ज्यादा प्रचलित है वीरावती की कथा। दरअसल, रानी वीरावती सात भाईयों की अकेली बहन थी। शादी के बाद जब वह भाईयों के पास आई, तो उसी दौरान एक दिन उन्होंने एक व्रत रखा। हालांकि उन्हें इस कठिन व्रत को निभाने में कुछ मुश्किल हो रही थी। लेकिन उन्हें चन्द्रमा निकलने के बाद ही कुछ खाना था। ऐसे में उनके भाईयों ये उनका यह कष्ट देखा नहीं गया और उन्होंने धोखे से उनका व्रत तुड़वा दिया जैसे ही वीरावती ने खाना खत्म किया उन्हें अपने पति के बीमार होने का समाचार मिला और महल पहुंचने तक उनके पति की मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद पार्वती की सलाह पर उन्होंने करवा चौथ को विधिवत पूरा किया और अपने पति की जिंदगी वापस लेकर आई।

दूसरी कथा:

करवा चौथ के व्रत की उल्लेख महाभारत में भी मिलता है पांडवों पर लगातार आ रही मुसीबतों को दूर करने के लिए द्रौपदी ने भगवान श्री कृष्ण से मदद मांगी, तब श्री कृष्ण ने उन्हें करवा चौथ के व्रत के बारे में बताया, जिसे देवी पार्वती ने भगवान शिव की बताई विधियों के अनुसार रखा था। कहा

जाता है कि द्रौपदी के इस व्रत को रखने के बाद न सिर्फ पांडवों की तकलीफें दूर हो गई बल्कि शक्ति भी कई गुना बढ़ गई थी।

तीसरी कथा:

करवा चौथ के व्रत को सत्यवान और सावित्री की कथा से भी जोड़ा जाता है। इस कथा के अनुसार जब यमराज सत्यवान की आत्मा को लेने आए, तो सावित्री ने खाना-पीना सब त्याग दिया। उसकी जिद के आगे यमराज को झुकना पड़ा और उन्होंने सत्यवान के प्राण लौटा दिये थे।

करवा चौथ अब केवल लोक परम्परा ही नहीं है। पौराणिकता के साथ-साथ इसमें आधुनिकता का प्रवेश हो गया है और अब यह व्रत भावनाओं पर केंद्रित हो गया है। समय परिवर्तन के साथ करवा चौथ के दिन अब **पत्नी ही नहीं पति भी व्रत करते हैं। यह परम्परा विस्तार है, करवा चौथ का व्रत अब सफल और खुशहाल दाम्पत्य जीवन की कामना के लिए किया जा रहा है।** हमारे समाज की यही खासियत है कि हम परम्पराओं में नवीनता का समावेश लगातार करते रहते हैं। कभी करवा चौथ पत्नी के, पति के प्रति समर्पण का प्रतीक हुआ करता था, लेकिन आज यह पति-पत्नी के बीच के सामंजस्य और रिश्ते की ऊष्मा से दमक और महक रहा है। आधुनिक होते दौर में हमने अपनी परम्परा तो नहीं छोडी है अब इसमें ज्यादा संवेदनशीलता, समर्पण, प्रेम और विश्वास की अभिव्यक्ति दिखाई देती है। दोनों के बीच अहसास का घेरा मजबूत होता है, जो रिश्तों को सुरक्षित करता है।

अब पति, पत्नी को ज्वेलरी, कपड़ों या एक्सेसरीज के अलावा प्रॉपर्टी, मेडिकल या लाइफ इंश्योरेंस, एफ्डी, देश-विदेश की यात्रा के पैकेज, गाड़ी तथा फाइव स्टार होटल्स के डिनर वाउचर जैसे उपहार भी देने लगे हैं। करवा चौथ जैसे त्योहार भी बड़े पैमाने पर किसी होटल या विशेष आयोजन स्थल पर किए जाने लगे हैं, लेकिन इसे हम फिजूलखर्ची से नहीं जोड़ सकते, क्योंकि ऐसे आयोजन अधिकांशत: समूह में किए जाते हैं, जहाँ खर्चे आपस में बाँट लिए जाते हैं और किसी एक व्यक्ति पर पूरा भार नहीं आता। इस तरह के आयोजनों से महिलाओं के मनोरंजन एवं आपसी मेलजोल होता हैं वहीं व्रत के दिन घर पर भोजन तैयार करने की समस्या से राहत मिल जाती है। अर्थात् ''एक पंथ, अनेक काज'' सार्थक हो जाते हैं। जैसे साथ मिलकर त्योहार मनाने का मजा, सीमित खर्च में अच्छी सुविधाओं का लाभ, बिना टेंशन के सारा आयोजन हो जाने की सुविधा आदि। मुख्य तौर पर महिला संगठनों तथा समूहों में इस तरह के आयोजन किए जाने लगे हैं। जो कि अच्छी पहल कही जा सकती है।

-सोनम कुमावत, बरकत नगर, जयपुर-302015

मातृ एवं नारी शक्ति समाज गौरव सम्मान समारोह सम्पन्न

अखंड क्षत्रिय कुमावत समाज, उदयपुर द्वारा मातृ एवं नारी शक्ति समाज गौरव सम्मान समारोह और जिला सहकारिता विकास कार्यशाला का आयोजन आलोक स्कूल , पंचवटी, उदयपुर में हुआ। इसके संयोजक एडवोकेट भरत कुमावत, अध्यक्षता उषा अजमेरा प्राचार्य आलोक स्कूल, मुख्य अथिति मीनाक्षी नाहर, विशिष्ट अथिति डॉ हर्षा, अधिवक्ता संगीता वर्मा, पार्षद नेहा कुमावत और अंतरराष्ट्रीय जादूगर आँचल कुमावत थी।

समारोह में मातृ एवं नारी शक्ति समाज गौरव सम्मान से उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉ रश्मि गोठवाल, डॉ रेखा दाबडिया, अरुण कुमावत, योगेश्वरी अजमेरा, हर्षा झालवाल, शारदा बबेरवाल, डॉ ऋतु टाक, तारा कुमावत, नेहा खंडारिया, नीता भदारिया, हिमांशी गोठवाल, हीना कुमावत, श्रेष्ठा रानी को नवाजा गया।

श्री घनश्याम पटवा 'सर्व मंगल फाउंडेशन फॉर रिसर्च एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट' मुख्य वक्ता ने समारोह में समाज की उच्च शिक्षित महिलाऐं जो विवाह के बाद केबल हाउसवाइफ है उन्हें जागृत करने तथा स्व रोजगार व उधमिता की ओर कदम बढ़ाने का आव्हान किया। जिससे उच्च शिक्षा ग्रहण करने का लाभ स्वयं, परिवार व राष्ट्र को मिल पाए तथा आत्मविश्वास से वे घर के बाहर भी अपनी श्रेष्ठता व क्षमता दिखा सके। इस हेतु लघु व कुटीर उद्धयोगों में तैयार माल के सेम्पल भी दिखाए जिन्हें महिलाएं आसानी से करके अपनी आमदनी भी कर सकती है। समारोह में आसान से योग का प्रदर्शन भी किया जिसे नित्य करके स्वस्थ रहा जा सकता है।

सम्मानित सभी मातृ शक्तियों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बहुत-बहुत बधाई। ऐसे उत्कृष्ट आयोजन के लिए आयोजको को भी धन्यवाद।

अखण्ड कुमावत नारी युवाशक्ति संस्था के चुनाव

28 अगस्त, 2021 को अखण्ड कुमावत युवा नारी शक्ति संस्था के चुनावों में निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसमें पुरुष अध्यक्ष श्री हीरालाल बबेरवाल, महिला अध्यक्ष संतोष बालोदिया, सचिव अनिता छाबल्या, महामंत्री अशोक मारवाल, संगठन मंत्री ताराचंद मारवाल व रेखा गैदर, प्रचार मंत्री आशा नागा तथा संरक्षक अरुण कुसुम्बीवाल निर्वाचित हुए। इस अवसर पर कार्यालय का उद्घाटन किया गया व आगे सामाजिक कार्य करने पर चर्चा हुई।

वैवाहिक संबंधों में बिखराव

आज हर तीसरे परिवार में विवाह के कुछ समय पश्चात ही संबंध विच्छेद अर्थात तलाक की आम समस्या देखने को मिल रही है। किन्तु यह एक सामान्य समस्या नहीं है। यदि यही वातावरण रहा तो सोचिए कि आज से दस या बीस वर्ष के पश्चात समाज का क्या स्वरूप होगा तथा वैवाहिक जीवन की स्थिति कितनी विकट तथा शोचनीय होगी? इसलिए इस समस्या का समाधान तथा निराकरण समय रहते अवश्य होना चाहिए। क्या आपने इस बारे में कभी सोचा है? इस समस्या के पीछे किसी एक कारण को उत्तरदायी ठहराना गलत है। आज समाज में युवाओं की जो मनोस्थिति दिख रही है दरअसल यह एक दिन में पैदा हुई नहीं है। इस मानसिकता के कारक (बीज) बचपन से ही बोऐ जाने लगते हैं जो कि आगे चलकर एक विशाल वृक्ष बनकर परिवार तथा समाज में अपनी जड़े जमा लेते हैं। विद्यालयों में बालकों को पहले परिवार से तात्पर्य दादा-दादी, चाचा-ताऊ, माता-पिता तथा बच्चे इस प्रकार से सिखाया जाता था। वहीं आज शिक्षा में भी बच्चों को परिवार का अर्थ एकल स्वरूप में बताया जाता है अर्थात् आज पुस्तकों में बच्चों को पढ़ाया जाता है कि परिवार का तात्पर्य माता-पिता तथा बच्चे हैं। वास्तविक जीवन में देखें तो यही स्थिति देखने को मिलती है। आज अधिकांशत: एकल परिवारों का ही बाहुल्य है। बचपन से स्वयं के हितों तक सीमित रहने वाले बच्चें माता-पिता के साथ रहते हुए इसी हद तक रिश्ते निभाना सीख पाते हैं। मिलजुल कर रहना, त्याग करना, मिल बाँट कर खाना जैसी प्रवृत्ति उनमें पनप ही नहीं पाती है। इस कारण अधिकांश लड़कियां विवाह के उपरान्त ससुराल में अन्य सदस्यों के साथ समन्वय नहीं बैठा पाती। आजकल बच्चे सामाजिक दायित्वों तथा आचरण के ज्ञान से वंचित हैं। इसका कारण सामाजिक कार्यकलापों में हिस्सा लेने में अरुचि है। इसके अतिरिक्त आजकल के माता-पिता बच्चियों को शिक्षित करके आत्मनिर्भर तो बना देते हैं मगर उनमें संस्कार डालना भूल जाते हैं। जबकि संस्कार ही विवाह के बाद परिवार को बांधने में सहायक होते हैं।

आज के समय में जब माता-पिता अपनी बेटी के लिए रिश्ता ढूंढते हैं तो चाहते हैं कि उनकी बेटी को छोटे से छोटा परिवार मिले, उसे घर का काम-काज नहीं करना पड़े, मनचाहे कपड़े पहनने की छूट हो तथा वह नौकरी करने के लिए स्वतंत्र हो। ऐसे माता-पिता को यह समझना चाहिए कि इस प्रकार की शर्तों पर एक सुखद परिवार की नींव नहीं रखी जा सकती। यदि लड़के अर्थात् वर के विषय में बात की जाए तो हमारी सोच आज भी वहीं की वहीं हैं जहां सालों पहले हुआ करती थी। लड़का अच्छे घर का तथा संस्कारी होना चाहिए। उसे सिगरेट, शराब, नशा या किसी प्रकार की अन्य कोई लत या संगत ना हों। लड़का आवारा नहीं हो तथा लड़के की सैलेरी भी लाखों में हो। 40-50 हजार तनख्वाह में हमारी बेटी गुजारा कैसे करेगी? ऐसे माता-पिता से मेरा यही कहना है कि पहली बात तो ये कि **यदि आप अपने पुत्र के लिए वधु तलाश करते समय भी क्या समान विचार रखेंगे? क्या इसी सोच का अनुसरण करते हुए आप अपनी पुत्र वधु को सारे अधिकार देंगे? क्या आपके पुत्र में ये सभी गुण विद्यमान हैं जो आप दामाद में ढूंढ रहे हैं?** दूसरी तथा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि ऐसा है तो यह आपके दिए गए संस्कारों की त्रुटि है। यदि आपकी बेटी सुसंस्कृत होती तो थोड़े में भी गुजारा करना जानती। वह परिस्थितियों के साथ सामन्जस्य बैठाने की कला को समझती और फिर आपकी शर्तों के अनुसार कमाने तो आपकी बेटी जाएगी ही तो लड़का बेरोजगार हो या कम वेतन लाता हो इससे क्या फर्क पड़ता है। कहने का **तात्पर्य यह है कि माता-पिता की इस प्रकार की विचारधारा के कारण आज कई घर टूट रहे हैं। इसके अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण कारक यह है कि आज बेटियों को पढ़ा लिखा कर उनके पैरों पर खड़ा करने के पश्चात माता-पिता उन्हें यह कहते हैं कि अब तुम आत्मनिर्भर हो, कभी किसी के आगे झुकना मत, परिस्थितियों से समझौता करने की कतई आवश्यकता नहीं है,** तुम आत्मनिर्भर हो और कोई भी निर्णय लेने में घबराना मत, हम हमेशा तुम्हारे साथ खड़े हैं। यही समर्थन लड़कियों को विवाह के पश्चात ससुराल से यानि पति के परिवार से आत्मीय तौर पर जुड़ने नहीं देता तथा वे सही या गलत की परवाह किए बगैर निजी स्तर पर जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं कर लेती है जबकि आदर्श माता-पिता वे होते हैं जो ये शिक्षा देते हैं कि अपनी शिक्षा तथा हमारे संस्कारों के समन्वय से अपने परिवार को एक आदर्श तथा सुखी परिवार बनाना। जिस प्रकार तुम्हारी माता ने इस परिवार को बांध कर रखा वैसे ही तुम अपने परिवार को बांधकर रखना। जब कभी कोई भी पारिवारिक समस्या हो या छुट-पुट मन मुटाव हो तो बाहर वालों को कभी बोलने का मौका मत देना, चाहे वे तुम्हारे माता-पिता ही क्यों न हों। ऐसी संस्कारित लड़कियां कभी भी छोटी-छोटी समस्याएं होने पर दौड़कर मायके नहीं आएंगी। किसी भी परिवार की कल्पना करने पर हमारे जेहन में एक ही व्यवस्थित स्वरूप सामने आता है जिसमें पुरुष कमाते हैं, परिवार के सदस्यों का भरण पोषण करते हैं, अपनी संतान को पढ़ाते-लिखाते हैं तथा परिवारजनों को पालते हैं वहीं महिलाएं घर का काम काज

करती हैं, सबके लिए भोजन बनाती हैं, अपनी संताने को पालती है और अपनी गृहस्थी को सम्भालती है। इस प्रकार परिवार में सबके कार्य व दायित्व निश्चित होते हैं।

